# सिद्धार्थनगर पुलिस

**प्रेस नोट दिनांक 12.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।**

**◆ थाना खेसरहा साइबर पुलिस टीम द्वारा साइबर फ्रॉड से सम्बंधित धनराशि ₹70030/- को आवेदक के खाते में कराया गया वापस।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में साइबर अपराध एवं साइबर क्राइम रिकवरी/लीन हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत प्रशान्त कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन व शुबेंदु सिंह क्षेत्राधिकारी बांसी के पर्यवेक्षण एवं प्रभारी निरीक्षक रामकृष्ण मिश्र थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक-12.02.2026 को आवेदक गुलाम हुसैन पुत्र मुस्ताक अहमद निवासी खेसरही थाना खेसरहा, जनपद सिद्धार्थनगर के द्वारा NCRP पोर्टल के माध्यम से दिनांक 12/02/2026 को शिकायत किया गया जिसमें UPI  के जरिए ₹200000/- का फ्रॉड हो गया था। जिस पर थाना खेसरहा की साइबर सेल टीम एवं बैंक के समन्वय से आवेदक गुलाम हुसैन उपरोक्त को फ्राड धनराशि का ₹ 70030/- दिनांक 12.09.2026 को उनके खाते में वापस कराया गया।

**सराहनीय कार्य करने वाली थाना खेसरहा साइबर टीम का विवरणः-**

01. रामकृष्ण मिश्र (प्रभारी निरीक्षक थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर)

02. साइबर सेल प्रभारी राघवेंद्र प्रताप यादव

03. का0 अभिषेक कुमार मौर्य, का0 नीरज कुमार

04. म0का0 रम्भा यादव

## प्रेस नोट दिनांक 12.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान के तहत थाना मोहाना कम्युनिटी पुलिस टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम मधुबनी टोला अवधापुर में दिव्यांगजन/वरिष्ठ नागरिकों के साथ संवाद स्थापित कर किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के आदेश के क्रम में तथा प्रशांत कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन एवं विश्वजीत सौरयान के पर्यवेक्षण में, थानाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह के नेतृत्व में कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान के अंतर्गत आज दिनांक12.09.2026 को ग्राम मधुबनी टोला अवधापुर थाना मोहाना,जनपद सिद्धार्थनगर में जनसंवाद एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी के दौरान लगभग 70 वर्षीय बुजुर्ग नागरिक एवं दिव्यांग जन सहित ग्रामवासियों के साथ बैठकर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं कुशल क्षेत्र के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। उपस्थित ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि उन्हें वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ नियमित रूप से प्राप्त हो रहा है तथा उनके परिवार में किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। सभी लोग आपसी सौहार्द एवं प्रसन्नता के साथ जीवनयापन कर रहे हैं। इस अवसर पर ग्रामीणों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए जागरूक किया गया। साथ ही कानून-व्यवस्था बनाए रखने, साइबर अपराधों से सतर्क रहने तथा किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया। ग्रामवासियों द्वारा पुलिस के इस जनसंपर्क एवं जागरूकता कार्यक्रम की सराहना करते हुए पुलिस के प्रति विश्वास एवं सहयोग की भावना व्यक्त की गई तथा भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की गई।

**कम्युनिटी पुलिसिंग टीम**

01.हे0का0आत्मानंद नायक

02.का0 विजय

03.म0का0अंजू वर्मा

04.म0का0काजल अग्रहरि

# प्रेस नोट दिनांक 12.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 द्वितीय चरण अभियान के तहत थाना इटवा मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम मैंना की बालिकाओं/महिलाओं को महिला अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के संबंध मे जागरुक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 12/09/2026 को अपर पुलिस अधीक्षक महोदय प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी महोदय इटवा पविन प्रकाश के निर्देशन तथा अनिल कुमार दुबे प्रभारी निरीक्षक थाना इटवा के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज 5.0 द्वितीय चरण अभियान के तहत थाना इटवा मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम मैंना की बालिकाओं/महिलाओं महिला अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के संबंध मे जागरुक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी व महिला संबंधी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु निम्न हेल्पलाइन नंबरों-112, पुलिस आपातकालीन सेवा 1090, वूमेन पावर हेल्पलाइन 1076, माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 108, एंबुलेंस सेवा 1930, साइबर अपराध हेल्पलाइन 1098, चाइल्ड हेल्पलाइन 102, स्वास्थ्य सेवा के बारे में जानकारी दी गई।

**मिशन शक्ति टीम थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर-**

01.म0का0 साधना यादव

02.म0का0 रविता यादव

03.म0का0गुंजनकुमारी

## प्रेस नोट दिनांक 12.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना मोहाना की मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के बर्डपुर टोला नं0- 02 बनकसिया में मिशन मजनू/साईबर जागरूकता अभियान के तहत बालिकाओं/महिलाओं को महिला अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध में जागरूक किया गया।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 12.09.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन में व विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में व थानाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में थानाक्षेत्र के बर्डपुर टोला नं0- 02 बनकसिया में मिशन मजनू के तहत बालिकाओं/महिलाओं को जागरूक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी तथा मिशन शक्ति 5.0 स्टीकर भी चस्पा किया गया। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं के बारे में जानकारी दी गई तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 के विषय मे महिलाओं को महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन नम्बरों- 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर व  नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

**मिशन शक्ति टीम थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर-**

01.उ0नि0 जयमाल

02. रि0म0आ0 काजल अग्रहरि

# प्रेस नोट दिनांक 12.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना भवानीगंज मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के श्री राम इंटर कॉलेज कस्बा भवानीगंज की बालिकाओं को साइबर जागरूकता अभियान के तहत महिला अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के पर्यवेक्षण में व बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल निर्देशन में आज दिनांक 12.09.2026 थानाध्यक्ष विजय शंकर सिंह थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में थानाक्षेत्र के श्री राम इंटर कॉलेज कस्बा भवानीगंज की बालिकाओं को साइबर जागरूकता अभियान के तहत जागरूक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी। मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र व  सेल जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं। मिशन शक्ति फेज 5.0 के विषय मे महिलाओं को महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन,  108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

**मिशन शक्ति टीम थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर-**

01.उ0नि0 नेबूलाल

02.हे0का0 हरेंद्र यादव

03.का0 राघवेन्द्र त्रिपाठी, का0 अजय यादव, का0 रामवीर यादव

04.म0आ0 उर्मिला, म0आ0 कालिंदी मौर्या

# प्रेस नोट दिनांक 12.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा थाना जोगिया उदयपुर पर जनसुनवाई किया गया।**

**◆समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।**

आज दिनांक 12.09.2026 को शिवशरणप्पा जी0एन0 जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर व डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा जनपद सिद्धार्थनगर के थाना जोगिया उदयपुर पर थाना समाधान दिवस में जनसुनवाई किया गया। थाना समाधान दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना-पत्रों के सम्बन्ध में जनता की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया एवं उसके निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। उक्त थाना समाधान दिवस में अरुण कुमार, प्रभारी निरीक्षक थाना जोगिया उदयपुर तथा पुलिस एवं राजस्व विभाग के अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# प्रेस नोट दिनांक 12.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆थाना पथरा बाजार पुलिस व सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए 03 अंतरजनपदीय शातिर चोरों को चोरी किये गए माल के साथ 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डा0 अभिषेक महाजन के आदेश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर प्रशान्त कुमार प्रसाद के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज बृजेश कुमार वर्मा के कुशल पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष जनार्दन प्रसाद थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में दिनांक 11.09.2026 को थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0स0-68/2026 धारा 305(a),331(4) ,317(2), बीएनएस व 4/25 आर्म्स एक्ट थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर से सम्बंधित अभियुक्त 01.महबूब आलम पुत्र अब्दुल रहमान निवासी ग्राम करौता थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर उम्र करीब 26 वर्ष, 02.मो0 इरफान पुत्र मोहम्मद उमर निवासी ग्राम भारत भारी थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर उम्र करीब 25 वर्ष, 03.शादाब अहमद पुत्र मुमताज अहमद निवासी ग्राम औराताल थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर उम्र करीब 22 वर्ष को आज दिनांक 12.09.2026 को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अजगर नहर पुलिया से गिरफ्तार किया तथा आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

**घटना का संक्षिप्त विवरण**

बावत दिनांक 23.08.2026 की रात को चोरो द्वारा ग्राम अजगरा स्थित वाउन्ड्री वाल के अन्दर स्थित वोडाफोन टावर के ऊपर लगे इलेक्ट्रॉनिक इंस्ट्रूमेंट्स अजहा कार्ड जिसका नम्बर-K9192812859 चुरा ले जाना जिसके सम्बन्ध मे थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 68/2026 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया था।

**अभियुक्तगण का विवरण-**

01.महबूब आलम पुत्र अब्दुल रहमान निवासी ग्राम करौता थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर उम्र करीब 26 वर्ष,

02.मो0 इरफान पुत्र मोहम्मद उमर निवासी ग्राम भारत भारी थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर उम्र करीब 25 वर्ष,

03.शादाब अहमद पुत्र मुमताज अहमद निवासी ग्राम औराताल थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर उम्र करीब 22 वर्ष

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का अपराधिक विवरण**

01-महबूब आलम पुत्र अब्दुल रहमान -

1-मु0अ0स0-68/2026 धारा 305(a),331(4) ,317(2), बीएनएस व 4/25 आर्म्स एक्ट थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर

02.मो0 इरफान पुत्र मोहम्मद उमर -
1-मु0अ0स0113/24धारा 303(2)/317(2)317(5)BNS थाना डकोर जनपद जालौन
2-मु0अ0स0117/24धारा 303(2)/317(2)317(5)BNS थाना डकोर जनपद जालौन
3-मु0अ0स0-68/2026 धारा 305(a),331(4) ,317(2), बीएनएस व 4/25 आर्म्स एक्ट थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर

03.शादाब अहमद पुत्र मुमताज अहमद -
1-मु0अ0स0-68/2026 धारा 305(a),331(4) ,317(2), बीएनएस व 4/25 आर्म्स एक्ट थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर

बरामदगी का विवरण
01-एक अदद अजहा कार्ड   नम्बर-K9192812859
02-एक अदद नाजायज चाकू

**गिरफ्तार करने वाली टीम**
01-थानाध्यक्ष जनार्दन प्रसाद थाना पथऱा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।
02-उ0नि0 रामदेव यादव थाना थाना पथऱा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।
03-उ0नि0 आशुतोष शुक्ला थाना पथऱा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।
04-का0शुभम वर्मा थाना थाना पथऱा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।
05-का0अनुपम मौर्या थाना थाना पथऱा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।
06-का0ऱाहुल गुप्ता थाना पथऱा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।
07-हे0का0 जनार्दन प्रजापति सर्विलांस सेल सिद्धार्थनगर।

# प्रेस नोट दिनांक 12.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**आगामी त्यौहार गणेश चतुर्थी, विश्वकर्मा पूजा के दृष्टिगत थानाध्यक्ष मोहाना द्वारा थानाक्षेत्र के थाना स्थानीय पर ग्राम प्रधानों,बीडीसी, संभ्रांत व्यक्तियो, आयोजको, DJ धारको, व्यापार मण्डल के सदस्यों के साथ पीस कमेटी की बैठक की गई, उच्च अधिकारीगण, शासन व माननीय न्यायालय से प्राप्त गाइडलाइन के संबंध में अवगत कराया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के अनुक्रम में आगामी त्यौहार गणेश पूजा, विश्वकर्मा पूजा को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत प्रशांत कुमार,अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में व विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में जितेन्द्र सिंह थानाध्यक्ष मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर के द्वारा आज दिनांक 12.09.2026 को थाना स्थानीय पर ग्राम प्रधानों,बीडीसी, संभ्रांत व्यक्तियों, आयोजको, DJ धारको, व्यापार मण्डल के सदस्यों के साथ आगामी त्यौहार गणेश चतुर्थी, विश्कर्मा पूजा को सकुशल व सौहार्दपूर्ण मनाने हेतु पीस कमेटी की बैठक की गई तथा सभी से वार्ता की गई। सभी को उच्च अधिकारीगण, शासन व माननीय न्यायालय से प्राप्त गाइडलाइन के संबंध में बताया गया तथा सभी से त्यौहार को सकुशल सम्पन्न करने हेतु अपील की गयी।

# प्रेस नोट दिनांक 12.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆थाना समाधान दिवस के अवसर पर क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ द्वारा थाना ढ़ेबरुआ पर जनसुनवाई किया गया।**

**◆समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।**

आज दिनांक 12.09.2026 को डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में मंयक द्विवेदी, क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ द्वारा थाना ढ़ेबरुआ पर समाधान दिवस में जनसुनवाई किया गया। थाना समाधान दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना-पत्रों के सम्बन्ध में जनता की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया एवं उसके निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

## प्रेस नोट दिनांक 12.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान के तहत थाना मिश्रौलिया पुलिस द्वारा भिक्षुओं, बेसहारा एवं लावारिस के सम्बन्ध में थानाक्षेत्र के ग्रामगोनरा, पटियापार, करोदा खालशा उक्त ग्रामसभा मे जनसंवाद एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश के क्रम में तथा श्री प्रशांत कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन एवं श्री पवीन प्रकाश क्षेत्राधिकारी इटवा के कुशल पर्यवेक्षण में रामदेव थानाध्यक्ष मिश्रौलिया के निर्देशन में संचालित कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 12.09.2026 को थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर के ग्रामगोनरा, पटियापार, करोदा खालशा उक्त ग्रामसभा मे जनसंवाद एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी के दौरान बुजुर्ग नागरिक ग्रामवासियों के साथ बैठकर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं कुशलक्षेम के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। उपस्थित ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि उन्हें वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ नियमित रूप से प्राप्त हो रहा है तथा उनके परिवार में किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। सभी लोग आपसी सौहार्द एवं प्रसन्नता के साथ जीवनयापन कर रहे हैं। इस अवसर पर ग्रामीणों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए जागरूक किया गया। साथ ही कानून-व्यवस्था बनाए रखने, साइबर अपराधों से सतर्क रहने तथा किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया। ग्रामवासियों द्वारा पुलिस के इस जनसंपर्क एवं जागरूकता कार्यक्रम की सराहना करते हुए पुलिस के प्रति विश्वास एवं सहयोग की भावना व्यक्त की गई तथा भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की गई।

**कम्युनिटी पुलिसिंग टीम थाना मिश्रौलिया**

01. उ0 नि0 श्याम चंद्र रत्ना

02. म0 का0 कीर्ति

# प्रेस नोट दिनांक 12.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**थाना खेसरहा पुलिस द्वाराहत्या के प्रयास के आरोप में वांछित 04 अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया गया तथा आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन व शुबेन्दु सिंह क्षेत्राधिकारी बाँसी के कुशल पर्यवेक्षण रामकृष्ण मिश्र प्रभारी निरीक्षक थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 99/2026 धारा 191(2),190,115(2),117(2),352,351(3),109(1) BNS से सम्बन्धित वांछित अभियुक्तगण सई मोहम्मद उर्फ शमशेर पुत्र अब्बास अली, अकरम पुत्र अब्बास अली, असलम पुत्र अब्बास अली, शकील अहमद उर्फ नेवास अली पुत्र सुभाष अली निवासी गण धमौरा थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर को आज दिनांक 12.09.2026 को गिरफ्तार किया गया तथा आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-**

1.सई मोहम्मद उर्फ शमशेर पुत्र अब्बास अली निवासी धमौरा थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर।

2.अकरम पुत्र अब्बास अली निवासी धमौरा थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर।

3.असलम पुत्र अब्बास अली निवासी धमौरा थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर।

4.शकील अहमद उर्फ नेवास अली पुत्र सुभाष अली निवासी धमौरा थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण**

1. उ0नि0 बीरेन्द्र सिंह यादव थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर।
2. हे0 का0 उमेशचन्द थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर ।
3. का0 आदित्य यादव थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर।

## प्रेस नोट दिनांक 12.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**थाना सिद्धार्थनगर पुलिस टीम द्वारा 06 वर्षीय बच्ची के परिजनो की तलाश कर बच्ची को परिजनो को किया गया सुपुर्द।**

आज दिनांक 12/09/2026 थाना सिद्धार्थनगर पर एक व्यक्ति द्वारा एक अज्ञात बच्ची उम्र करीब 06 वर्ष थाने पर लाकर सुपुर्द किया गया। प्रभारी निरीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा मिशन शक्ति टीम द्वारा बच्ची के परिजनो को खोजने में थाना सिद्धार्थनगर की मिशन शक्ति टीम लग गई। उचित प्रयासों के माध्यम से बच्ची के परिजन को पता लगाकर सुपुर्द किया गया, आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर बच्ची को सकुशल उसके परिजनों को सुपुर्द किया गया। बच्ची को पाकर परिजनों द्वारा सिद्धार्थनगर पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।

# प्रेस नोट दिनांक 12.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान के तहत थाना त्रिलोकपुर पुलिस टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम पलेसर में बुजुर्ग नागरिक एवं दिव्यांग ग्रामवासियों की समस्याओं व कुशलक्षेम के संबंध में जनसंवाद एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश के क्रम में तथा श्री प्रशांत कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन एवं बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्र थाना त्रिलोकपुर के निर्देशन में संचालित कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 12.09.2026 को थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर के ग्राम पलेसर में जनसंवाद एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी के बुजुर्ग नागरिक एवं दिव्यांग ग्रामवासियों के साथ बैठकर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं कुशलक्षेम के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। उपस्थित ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि उन्हें वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ नियमित रूप से प्राप्त हो रहा है तथा उनके परिवार में किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। सभी लोग आपसी सौहार्द एवं प्रसन्नता के साथ जीवनयापन कर रहे हैं। इस अवसर पर ग्रामीणों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए जागरूक किया गया। साथ ही कानून-व्यवस्था बनाए रखने, साइबर अपराधों से सतर्क रहने तथा किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया। ग्रामवासियों द्वारा पुलिस के इस जनसंपर्क एवं जागरूकता कार्यक्रम की सराहना करते हुए पुलिस के प्रति विश्वास एवं सहयोग की भावना व्यक्त की गई तथा भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की गई।

**कम्युनिटी पुलिसिंग टीम थाना त्रिलोकपुर**

01.हे0 का0 अमरनाथ यादव

02. का0 लाल बाबू निषाद

03.रि0म0आ0 रुचि थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर

# प्रेस नोट दिनांक 12.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**मिशन शक्ति फेज 5.0( द्वितीय चरण)(बहु बेटी सम्मेलन/गुड व बैड टच)कार्यक्रम के तहत थाना कपिलवस्तु मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना क्षेत्र के पूर्व माध्यमिक विद्यालय संग्रामपुर की स्कूली बच्चियाँ को चौपाल लगाकर गुड व बैड टच के बारे मे जानकारी दी गयी।**

डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान" के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 12/09/2026 थानाध्यक्ष विनय प्रताप सिंह थाना कपिलवस्तु जनपद सिद्धार्थनगर के निर्देशन मे थाना क्षेत्र के पूर्व माध्यमिक विद्यालय संग्रामपुर की स्कूली बच्चियाँ जो थाने तक नहीं आ सकती हैं उनको मिशन शक्ति फेज o 5 के तहत सम्मेलन कर जागरूक किया तथा गांव की महिलाओं व बच्चियों के खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी। मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र जहां पर अपनी समस्या को दर्ज  करा सकती हैं के बारे में जानकारी दी गई तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 के विषय मे महिलाओं को महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन,181महिला हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 ईल्ड केयर लाइन,108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन,101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

**मिशन शक्ति व साइबर जागरूकता टीम**

01.उ0नि0 श्री सदरूल आलमीन

02.आ0 रत्नेश यादव

03.म0आ0 सुषमा वर्मा, आंचल यादव, महक पाण्डेय, श्रद्धा सिंह, सोनाली मिश्रा

# प्रेस नोट दिनांक 12.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**मिशन शक्ति फेज 5.0( द्वितीय चरण)(बहु बेटी सम्मेलन/गुड व बैड टच)कार्यक्रम के तहत थाना कपिलवस्तु मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के गांव सियरापार में महिलाओं/बच्चियों को नए कानून, मिशन शक्ति के तहत सरकार के विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे मे जानकारी देकर जागरूक किया गया।**

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय सिद्धार्थनगर डॉ0 श्री अभिषेक महाजन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 12/09/2026 को अपर पुलिस अधीक्षक महोदय श्री प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी महोदय बांसी श्री शुबेंदु सिंह जी के कुशल नेतृत्व में व प्रभारी निरीक्षक श्री महेंद्र प्रताप चतुर्वेदी द्वारा मिशन शक्ति व जन चौपाल मे नए कानून के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत थाना क्षेत्र को0 बांसी के गांव सियरापार में महिलाओं /बच्चियों को जनचौपाल एकत्रित कर चौपाल लगाकर बालिकाओं/ महिलाओं नए कानून के बारे मे बताते हुवे मिशन शक्ति के तहत सरकार के विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे मे जानकारी दिया गया व जागरूक किया गया जैसे कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनारानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष नारी शक्ति वंदन अधिनियम मातृ शक्ति को सम्बल निराश्रित महिला पेंशन योजना मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि अन्य योजनाओ से संबंधी जानकारी को बताया गया। मिशन शक्ति फेज 5.0 कार्यक्रम के अंतर्गत बहु बेटी सम्मेलन आयोजित किया गया तथा उनके अधिकार के बारे में बताया गया व उनको जागरूक किया गया जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबर- □112, पुलिस आपातकालीन सेवा □1090, वूमेन पावर हेल्पलाइन □1076, माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन □108, एंबुलेंस सेवा □1930, साइबर अपराध हेल्पलाइन □1098, चाइल्ड हेल्पलाइन □102, स्वास्थ्य सेवा □181 वीमेन हेल्पलाइन □101अग्निशमन सेवा के बारे में जानकारी दी गई।

**मिशन शक्ति टीम**

1 उ0 नि0 श्री छोटेलाल यादव

2 का0 रीतेश सिंह

3 हे0 का0 विनोद तिवारी 4 म0 क0 गीतांजलि कुशवाहा

# प्रेस नोट दिनांक 12.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के द्वितीय चरण के तहत प्रभारी निरीक्षक खेसरहा मय मिशन शक्ति टीम द्वारा नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, नये कानून ,साइबर अपराध सुरक्षा व एंटी रोमियो व शक्ती दीदी अभियान के तहत थानाक्षेत्र के बालक व बालिकाओं को थाना परिसर में महिला सम्बन्धित नये कानून व महिला सम्बन्धित अपराध, साइबर अपराध जागरूकता, नये कानून के सम्बन्ध में जागरूक किया गया।**

श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 12.09.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक महोदय श्री प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी महोदय बांसी श्री शुबेंदु सिंह तथा प्रभारी निरीक्षक श्री रामकृष्ण मिश्र व थाने पर मौजूद समस्त अधिकारी कर्मचारी गण व महिला आरक्षी गण की उपस्थिति में! थाना प्रागण में स्कूली बालक व बालिकाए को बैठाकर महिला सम्बन्धित नये कानून व महिला सम्बन्धित अपराध, साइबर अपराध जागरूकता,नये कानून* कार्यक्रम के तहत उपस्थित उपरोक्त महिला सशक्तिकरण सम्बन्धित बातों को बताते हुए मिशन शक्ति फेज 5.0* कार्यक्रम के अंतर्गत निम्न हेल्पलाइन नंबर, महिला से सम्बन्धित कानूनो के बारे मे जानकारी देते हुए। उपस्थित बालक व बालिकाओं को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदत्त किये गये कल्याणकारी योजनाओं व विधियों के तहत जागरुक किया गया ↪️विभिन्न हेल्पलाइन नंबर- ☐112-पुलिस आपातकालीन सेवा ☐1090- वूमेन पावर हेल्पलाइन ☐108-एंबुलेंस सेवा ☐1930-साइबर अपराध हेल्पलाइन ☐1098-चाइल्ड हेल्पलाइन ☐102- स्वास्थ्य सेवा के बारे में जानकारी दी गई व जागरूक किया गया।

## प्रेस नोट दिनांक 12.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान के क्रम में थाना भवानीगंज कम्युनिटी पुलिस टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम धनखरपुर व सार्वजनिक स्थलों का भ्रमण करते हुए वरिष्ठ नागरिको से संवाद स्थापित कर किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 अभिषेक महाजन के आदेश के क्रम में तथा प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन एवं बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल पर्यवेक्षण तथा विजय शंकर सिंह थानाध्यक्ष भवानीगंज के कुशल नेतृत्व में कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 12/09/2026 को थाना भवानीगंज क्षेत्र के ग्राम धनखरपुर में भ्रमण सील होकर जनसंवाद एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी के दौरान लगभग 70 वर्षीय कुल 06 बुजुर्ग नागरिक सहित ग्रामवासियों के साथ बैठकर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं कुशलक्षेम के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। इस अवसर पर ग्रामीणों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए जागरूक किया गया। साथ ही कानून-व्यवस्था बनाए रखने, साइबर अपराधों से सतर्क रहने तथा किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया। ग्रामवासियों द्वारा पुलिस के इस जनसंपर्क एवं जागरूकता कार्यक्रम की सराहना करते हुए पुलिस के प्रति विश्वास एवं सहयोग की भावना व्यक्त की गई तथा भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की गई।

**कम्युनिटी पुलिसिंग टीम थाना भवानीगंज**

1.उ0नि0 नींबू लाल
2.हे0का 0 हरेंद्र यादव
3.का0 रवि कुमार जायसवाल व का 0विशाल गौड़
5.म0का0 कालिंदी मौर्य

## प्रेस नोट दिनांक 12.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆प्रभारी निरीक्षक गोल्हौरा द्वारा आगामी त्यौहार श्री गणेश चतुर्थी व श्री विश्वकर्मा पूजा के दृष्टिगत थाना क्षेत्र गोल्हौरा के संभ्रात व्यक्तियों, धर्मगुरुओं आयोजकों के साथ की गयी पीस कमेटी की मीटिंग।**

डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में व मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के निर्देशन में संजय कुमार मिश्र प्रभारी निरीक्षक गोल्हौरा द्वारा आज दिनांक 12.09.2026 को आगामी त्योहार गणेश चतुर्थी व विश्वकर्मा पूजा को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत थाना स्थानीय पर पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में थानाक्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर गणेश प्रतिमा स्थापित करने वाले समस्त मूर्ति आयोजक/प्रतिमा धारक, ग्राम प्रधान, सम्भ्रान्त व्यक्ति एवं क्षेत्र के अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें। बैठक के दौरान सभी आयोजकों से त्योहार को आपसी भाईचारे एवं सौहार्द के साथ मनाने तथा शासन एवं प्रशासन द्वारा निर्धारित नियमों एवं दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की गई तथा मूर्ति स्थापना एवं विसर्जन के दौरान शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने, यातायात व्यवस्था सुचारू रखने, निर्धारित मार्ग का पालन करने तथा किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न देने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही आयोजकों को निर्देशित किया गया कि किसी भी समस्या अथवा विवाद की स्थिति में तत्काल थाना पुलिस को सूचना दें।

## प्रेस नोट दिनांक 12.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆साइबर क्राइम थाना जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा शिकायतकर्ता के खाते से फ्राड हुए धनराशि ₹2,38,000/- को शिकायतकर्ता के खाते मे कराया गया वापस।**

डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में साइबर अपराध एवं साइबर क्राइम रिकवरी/लीन हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक, प्रशान्त प्रसाद के कुशल पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी अपराध रोहिणी यादव के कुशल निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम थाना श्याम सुंदर तिवारी व टीम साइबर क्राइम पुलिस थाना द्वारा बैंक के समन्वय से देवप्रयाग मिश्रा साकिन करौदा नानकार, थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर के साथ फ्राड हुए धनराशि को कार्यवाही करते हुए आज दिनांक 12.09.2026 को देवप्रयाग मिश्रा के खाते में ₹2,38,000 वापस कराये गये । साइबर क्राइम पुलिस थाना की टीम के सराहनीय कार्य के लिए देवप्रयाग उपरोक्त द्वारा भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी |

**घटना का संक्षिप्त विवरणः-**

शिकायतकर्ता श्री देवप्रयाग मिश्रा साकिन करौदा नानकार थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर के खाते से यूपीआई के माध्यम से लिंक भेजकर दिनांक 19/08/2026 को ₹2,38,000 फ्रॉड कर लिया गया था आवेदक को जैसे ही ज्ञात हुआ कि उसके साथ फ्राड हो हो गया आवेदक द्वारा NCRP पोर्टल के माध्यम से साइबर क्राइम थाना सिद्धार्थनगर पर शिकायत दर्ज कराया गया। उक्त शिकायत पर साइबर क्राइम थाना की टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए दिनांक 12/09/2026 को देवप्रयाग मिश्रा के खाते में संपूर्ण धनराशि ₹2,38,000 /- रूपये वापस कराया गया |

**धनराशि बरामद कराने वाली साइबर पुलिस टीमः-**

1- प्रभारी निरीक्षक श्यामसुंदर तिवारी।

2- मुख्य आरक्षी दिलीप कुमार द्विवेदी

3- आरक्षी रामप्रवेश यादव

4- आशुतोष जायसवाल।

5- आरक्षी विशाल तिवारी।

6- म0आ0 पूजा यादव

7- म0आ0 प्रियंका

**साइबर क्राइम से कैसे बचे-**

1–साइबर अपराधी आपकी निजी जानकारी इक्ट्ठा करते है और इसका उपयोग इंटरनेट पर आपकी झूठी पहचान बनाने में उपयोग कर सकते है। किसी भी सार्वजनिक साइट, ब्लॉग या सोशल मीडिया पर अपनी निजी जानकारी कभी भी साझा/शेयर न करें। जैसे कि आपकी सरकारी आईडी, पासवर्ड, बैंक खाता नम्बर, पिन इत्यादी।

2–ईमेल, मैसेजिंग ऐप या इन्सटैंट मैसेंजर पर प्राप्त लिंक्स पर क्लिक करने से पहले सावधान रहें और यदि आप उनकी सत्यता पर विश्वास नही करते, तो हमेशा भेजने वाले या उनकी आधिकारिक हेल्पलाइन से संपर्क करें। जैसे कि बैंक, दूरसंचार ऑपरेटर, बीमा कंपनी आदि।

3–अपने पासवर्ड को जटिल रखें ( अर्थात अक्षरों – जैसे a, b, c, संख्याओं। जैसे 1, 2, 3 और विशेष अक्षरों – जैसे @, #, % को मिलाकर पासवर्ड बनाये) और उसे किसी के साथ साझा न करें। विभिन्न साइटों/ऐप्स के लिए अलग-अलग पासवर्ड का प्रयोग करें।

4–वेब पेज पर अपनी जानकारी दर्ज करने से पहले, वेबसाइट के लिंक की जांच करें और यह सुनिश्चित करें कि वेब पता https (“s”  से सुरक्षित) से शुरु होता है और एक बन्द ताले के निशान को भी देखें।

5–ऑनलाइन बैंकिंग या ऑनाइन लेनदेन करने के लिए कभी भी सार्वजनिक/ मुफ्त वाईफाई का उपयोग न करें।

6–साइबर अपराध होने पर सूचना तत्काल हेल्प लाईन नं0 1930 पर व पुलिस दें। 24 से 48 घंटे के अंतराल में आपके धन को वापस कराने की अधिक संभावना रहती है।

7-सिम ब्लाक/एक्सपायर का संदेश प्राप्त होने पर दिये गये नम्बरों पर वार्तालाप न करें।

8-फोन पर कैश रिवार्ड को अपने खाता में लेने के नाम पर अज्ञात व्यक्ति के बताये हुये नियमों का पालन न करें।

9-ओएलएक्स पर कोई भी वाहन/सामान खरीदने वाले व्यक्ति को बेंचने वाले व्यक्ति द्वारा यदि अपना कोई सरकारी आई-कार्ड/कैंटीन कार्ड डाला गया है तो उसे चेक कराने के बाद ही लेन-देन करें।

10-अधिक सहायता हेतु साइबर क्राइम सेल सिद्धार्थनगर के मो0न0  7839868056 पर सम्पर्क करें।

□साइबर ठगों से सावधान! □ जानकारी और जागरूकता ही बचाव है।

#BeCyberSafe

#GoodJobCop

#UPPolice

## प्रेस नोट दिनांक 12.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**त्यौहार गणेश चतुर्दशी व आगामी त्योहारों के दृष्टिगत, गणेश प्रतिमा स्थापित करने वाले आयोजकों व संभ्रांत व्यक्तियों के साथ थानाध्यक्ष पथरा बाजार द्वारा पीस कमेटी की मीटिंग थाना परिसर में की गई।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक महाजन जनपद सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में श्री प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में व श्री बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल निर्देशन व अध्यक्षता में थानाध्यक्ष श्री जनार्दन प्रसाद के उपस्थिति में आज दिनांक 12.09.2026 को थाना स्थानीय पर आगामी चतुर्दशी के दृष्टिगत,के साथ में पीस कमेटी की मीटिंग आयोजित की गई तथा त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु थाना क्षेत्र के स्थापित करने वाले गणेश प्रतिमा के आयोजकों से त्यौहार को शान्तिपूर्ण, व सौहार्दपूर्वक तरीके से त्यौहार को मनाये जाने की अपील की गयी । बैठक में मौजूद सभी से त्यौहार के दृष्टिगत शासन व उच्चाधिकारीगण द्वारा प्राप्त गाइडलाइन से अवगत कराया गया। सभी सदस्यों को उनके जिम्मेदारियों से अवगत कराया गया। शान्ति व्यवस्था को मुख्य रुप से विषयवस्तु बनाकर विस्तृत चर्चा किया गया तथा आदेश–निर्देश से अवगत कराया गया।

## प्रेस नोट दिनांक 12.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर ।

**त्यौहार गणेश चतुर्दशी व आगामी त्योहारों के दृष्टिगत, गणेश प्रतिमा स्थापित करने वाले आयोजकों व संभ्रांत व्यक्तियों के साथ क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ द्वारा थानाध्यक्ष ढ़ेबरुआ के साथ पीस कमेटी की मीटिंग चौकी बढ़नी में की गई।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक महाजन जनपद सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में श्री प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में व मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ द्वारा आज दिनांक 12.09.2026 को थाना ढेबरुआ के चौकी बढ़नी में आगामी चतुर्दशी के दृष्टिगत थानाध्यक्ष ढ़ेबरुआ के साथ में पीस कमेटी की मीटिंग आयोजित की गई तथा त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु थाना क्षेत्र के स्थापित करने वाले गणेश प्रतिमा के आयोजकों से त्यौहार को शान्तिपूर्ण, व सौहार्दपूर्वक तरीके से त्यौहार को मनाये जाने की अपील की गयी । बैठक में मौजूद सभी से त्यौहार के दृष्टिगत शासन व उच्चाधिकारीगण द्वारा प्राप्त गाइडलाइन से अवगत कराया गया। सभी सदस्यों को उनके जिम्मेदारियों से अवगत कराया गया। शान्ति व्यवस्था को मुख्य रुप से विषयवस्तु बनाकर विस्तृत चर्चा किया गया तथा आदेश–निर्देश से अवगत कराया गया।

## प्रेस नोट दिनांक 12.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर ।

**त्यौहार गणेश चतुर्दशी व आगामी त्योहारों के दृष्टिगत, गणेश प्रतिमा स्थापित करने वाले आयोजकों व संभ्रांत व्यक्तियों के साथ प्रभारी निरीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा पीस कमेटी की मीटिंग थाना परिसर में की गई।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक महाजन जनपद सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में श्री प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में व श्री विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल निर्देशन में नवीन कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा आज दिनांक 12.09.2026 को थाना स्थानीय पर आगामी चतुर्दशी के दृष्टिगत,के साथ में पीस कमेटी की मीटिंग आयोजित की गई तथा त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु थाना क्षेत्र के स्थापित करने वाले गणेश प्रतिमा के आयोजकों से त्यौहार को शान्तिपूर्ण, व सौहार्दपूर्वक तरीके से त्यौहार को मनाये जाने की अपील की गयी । बैठक में मौजूद सभी से त्यौहार के दृष्टिगत शासन व उच्चाधिकारीगण द्वारा प्राप्त गाइडलाइन से अवगत कराया गया। सभी सदस्यों को उनके जिम्मेदारियों से अवगत कराया गया। शान्ति व्यवस्था को मुख्य रुप से विषयवस्तु बनाकर विस्तृत चर्चा किया गया तथा आदेश–निर्देश से अवगत कराया गया।

# प्रेस नोट दिनांक 12.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**ऑपरेशन कवच (एंटी स्मगलिंग ड्राइव टीम) के तहत थाना शोहरतगढ़ चौकी कोटिया पुलिस SSB कोटिया द्वारा संयुक्त रूप से इंडो नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा कोटिया बॉर्डर पर पैदल गश्त/चेकिंग किया गया।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ० अभिषेक महाजन जनपद सिद्धार्थ नगर के आदेश के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में श्री मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के कुशल पर्यवेक्षण में शेषमणि पांडेय प्रभारी निरीक्षक शोहरतगढ़ के कुशल नेतृत्व में एस एस बी पोस्ट कोटिया व थाना शोहरतगढ़ पुलिस द्वारा आज दिनांक 12/09/2026 को सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत थाना शोहरतगढ़ के चौकी कोटिया क्षेत्र अंतर्गत भारत नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर कोटिया बॉर्डर पर पैदल गश्त/चेकिंग किया गया।

## प्रेस नोट दिनांक 12.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ द्वारा थाना ढ़ेबरुआ पुलिस के साथ आगामी त्यौहार विश्वकर्मा पूजा, गणेश चतुर्दशी के दृष्टिगत, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु थानाक्षेत्र के कस्बा बढ़नी में फ्लैग मार्च/पैदल गस्त किया गया।**

आज दिनांक 12.09.2026 को मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ द्वारा थाना ढ़ेबरुआ पुलिस के साथ आगामी त्यौहार विश्वकर्मा पूजा, गणेश चतुर्दशी के दृष्टिगत, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु थानाक्षेत्र के कस्बा बढ़नी में फ्लैग मार्च/पैदल गस्त किया गया तथा आम जनमानस मे सुरक्षा का एहसास कराते हुये आपस में सौहार्द बनाये रखने हेतु अपील की गयी।

## प्रेस नोट दिनांक 12.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज द्वारा थाना डुमरियागंज पुलिस के साथ आगामी त्यौहार विश्वकर्मा पूजा, गणेश चतुर्दशी के दृष्टिगत, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु थानाक्षेत्र के कस्बा डुमरियागंज में फ्लैग मार्च/पैदल गस्त किया गया।**

आज दिनांक 12.09.2026 को बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज द्वारा थाना डुमरियागंज पुलिस के साथ आगामी त्यौहार विश्वकर्मा पूजा, गणेश चतुर्दशी के दृष्टिगत, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु थानाक्षेत्र के कस्बा डुमरियागंज में फ्लैग मार्च/पैदल गस्त किया गया तथा आम जनमानस मे सुरक्षा का एहसास कराते हुये आपस में सौहार्द बनाये रखने हेतु अपील की गयी।

# प्रेस नोट दिनांक 12.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆जनपदीय पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार विश्वकर्मा पूजा, गणेश चतुर्दशी व जनपद मंस शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने थाना क्षेत्रो में फ्लैग मार्च/पैदल गस्त किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में आज दिनांक 12.09.2026 को प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार विश्वकर्मा पूजा, गणेश चतुर्दशी व जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले चिह्नित हॉट स्पाट पर एवं उसके आस-पास के क्षेत्रों में फ्लैग मार्च/पैदल गश्त किया जा रहा है तथा आम जनमानस मे सुरक्षा का एहसास कराते हुये आपस में सौहार्द बनाये रखने हेतु अपील की गयी।